सरकार ने तीन तलाक की प्रथा खत्म करने के लिए जो पहल की है, वह बहुत ही सोच-समझ कर महिलाओं और बच्चों के हित में उठाया गया कदम है। इसका विरोध करने वालों को सोचना चाहिए कि आखिर क्यों नहीं वे इस दकियानूसी परंपरा को खत्म नहीं करना चाहते? क्यों वे अपने राजनीतिक और स्वयं के स्वार्थ के लिए एक बेहतर पहल का विरोध कर रहे हैं? देखा जाए तो तीन तलाक बहुत-सी सामाजिक बुराइयों को ही दूर करेगा, जिसमें घर की बर्बादी, महिलाओं की परेशानी, बच्चों की तकलीफें और इससे उपजी अन्य अनैतिक बुराइयां खत्म होंगी। मात्र विरोध करना ही नहीं, बल्कि गहरी सोच भी होनी चाहिए विरोध करने वालों की कि हम शासन-प्रशासन में रह कर किस तरह सामाजिक बुराइयों को दूर करने में और लोगों के हित के लिए कितना और क्या कर सकते हैं। तभी हम बेहतर समाज सुधारक बन सकते हैं। विवेकहीन राजनीति करने से न तो खुद, न पार्टी, न ही समाज और देश का भला होने वाला है।

● *शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर*

जल संकट और सबक

चेन्नई आजकल गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। इस जल संकट ने लोगों को भारी मुश्किल में डाल दिया है। यहां बारिश न होने के कारण जल के प्राकृतिक स्रोत भी सूख गए हैं, इस कारण यहां जल संकट और गहराता जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ नीति आयोग की रिपोर्ट ने जो यह रिपोर्ट जारी की है कि हमारे देश में 2030 तक चालीस फीसद आबादी के पास पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं होगा, काफी चिंताजनक है। चेन्नई में बेशक आजकल जल संकट चल रहा है, लेकिन देश के बहुत से और राज्य भी ऐसे संकट का सामना कर रहे हैं। इन राज्यों का भूजल स्तर गिरता जा रहा है। मोदी सरकार ने 2024 तक देश के हर घर तक नल से जल की योजना का लक्ष्य निर्धारित किया है।

अगर बारिश के कम होने के कारणों पर ध्यान नहीं दिया, पानी को संभालने, नदियों को गंदा करने से बाज नहीं आए और भूजल के गिरते स्तर को रोकने के लिए सरकारों और आमजन ने गंभीरता नहीं दिखाई तो वह दिन दूर नहीं जब देश का हर शहर और हर गांव पीने वाले साफ पानी की एक-एक बूंद को तरसने लगेगा। ऐसे में देश के हर घर में नल तो सरकार पहुंचा भी देगी, लेकिन नल में जल नहीं होगा। यहां यह भी कहना उचित होगा कि जब देश में सूखे की स्थिति पैदा होती है तब पानी को बचाने के उपाय और तौर तरीकों की बात सरकारें, प्रशासन और लोग करने लगते हैं। लेकिन जब गर्मी का मौसम चला जाता है तो सभी अगली गर्मी के मौसम और सूखा पड़ने तक लंबी तान के सो जाते है। अगर आने वाली पीढ़ी के लिए साफ पानी बचा कर रखना है तो सबको मन में एक प्रण लेना होगा कि हर हाल में पानी बचाना है।

● *राजेश कुमार चौहान, जालंधर*

युद्ध का खतरा

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध जिस तरह के युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं उससे कई देशों की आर्थिक स्थिति संकट में पड़ सकती है। अमेरिका ने ईरान पर साइबर हमला कर उसके राकेट और मिसाइल लांचर वाले कंप्यूटर को जाम करने का दावा किया है, वहीं ईरान भी इसके घातक नतीजों की धमकी दे रहा है। युद्ध से अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में अस्थिरता का माहौल बन रहा है और तेल के दाम बढ़ सकते हैं। अगर दोनों देशों में युद्ध हुआ तो यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल होगा।

● *विविधा, डीएसजे, दिल्ली विवि*

दक्षिण अफ्रीका का संकट

पिछली आठ मई को दक्षिण अफ्रीका में हुए चुनाव के नतीजे में अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस को अट्ठावन फीसद मतों के साथ जीत हासिल हुई थी। तब लगा था कि देश में सब कुछ ठीक-ठाक होगा, लोग खुश होंगे, अर्थव्यवस्था सुधरेगी, जीडीपी बढ़ेगी, बेरोजगारी कम होगी। मगर ये क्या अचानक वहां के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा का इकबालिया बयान आ गया। उन्होंने कहा, देश का माली हालत ठीक नहीं है। देश पर अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों का कर्ज बढ़ता जा रहा है। बेरोजगारी सत्ताईस फीसद पर है और युवाओं में ये प्रतिशत पचास के ऊपर चला गया है। इसका मतलब देश इस समय डूबने के कागार पर है। सवाल है कि रंगभेद से तो मुक्ति मिल गई, मगर गुरबत से देश कब मुक्त होगा?

● *जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

जरा हट के

स्वीडन की क्राउन प्रिंसेस विक्टोरिया अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 134 वें सत्र में भाग लेती हुई।

बोल

हम क्षेत्र में जंग नहीं चाहते हैं। लेकिन हम अपने लोगों, हमारी संप्रभुता, हमारी क्षेत्रीय अखंडता और हमारे महत्त्वपूर्ण हितों के लिए किसी भी खतरे से निपटने में संकोच नहीं करेंगे।

-मोहम्मद बिन सलमान, सऊदी अरब के शाह के उत्तराधिकारी

विवाद

हम नई आक्रामकता को संयुक्त राष्ट्र तक ले जाएंगे और दिखाएंगे कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के बारे में झूठ बोल रहा है।

-मोहम्मद जावेद जाफरी ईरान के विदेश मंत्री (ट्वीट कर कहा)

सम-सामयिक

अमेरिका-ईरान तनाव : भारत पर तेल की आर्थिकी का असर

जनसत्ता संवाद

भारत में मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के एजंडे को लेकर बजट की तैयारियों में जुटी है। दूसरी ओर, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव से आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ने लगी हैं। दरअसल, हॉर्मूज जलडमरूमध्य क्षेत्र में हालात बिगड़ने का असर तेल की कीमतों पर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा ईरान पर हमले का आदेश देकर पीछे हटने की खबरें सामने आने के बाद कच्चे तेल के बाजार में उछाल आ गया था।

तेल की कीमतें स्थिर रहने से सरकार के लिए स्वच्छता, सबको घर, स्वास्थ्य, बिजली, गरीबों को मुफ्त बिजली कनेक्शन जैसे सामाजिक कार्यक्रमों पर खर्च करने में आसानी होगी। लेकिन अगर अमेरिका और ईरान में जंग के हालात बनते हैं और तेल बाजार में खलबली मची तो कीमतें बढ़ेंगी और ऐसे में सरकार के खजाने पर बोझ बढ़ेगा। इसका असर आम लोगों पर भी होगा।

दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच पहले से तनाव के बीच तेहरान द्वारा अमेरिकी सेना का एक ड्रोन मार गिराने की घटना के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध की आशंका प्रबल हो गई। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ड्रोन गिराने की खबर आने के तुरंत बाद कच्चे तेल की कीमत तीन फीसद से अधिक उछलकर प्रति बैरल 63 डॉलर पर पहुंच गई। ड्रोन मार गिराने के पहले तेल आपूर्ति के प्रमुख स्थल हॉर्मूज जलडमरूमध्य के निकट दो तेल टैंकरों पर हमले की घटनाएं हुईं। इससे मध्य पूर्व में तनाव सुलगने लगा। मध्य पूर्व दुनिया का 20 फीसद से अधिक कच्चे तेल का स्रोत है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमतें से दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है और भारत इससे अछूता नहीं है।

वित्तीय मामलों के जानकारों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतें अगर 10 डॉलर प्रति बैरल बढ़ती हैं तो भारत के सकल घरेलू उत्पाद पर इसका 0.4 फीसद असर होता है और इससे चालू खाता घाटा 12 अरब डॉलर या इससे भी ज्यादा बढ़ सकता है। कच्चा तेल महंगा होने से सरकार का आयात बिल बढ़ने लगता है, विदेशी मुद्रा भंडार घटता है और रुपए की कीमतें भी प्रभावित होती हैं। ऐसे में भारत ने ओपेक के मुख्य सदस्य सऊदी को तेल की कीमतों को काबू में रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को कहा है। हॉर्मूज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ने के चलते पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सऊदी अरब के अपने समकक्ष के साथ चर्चा की है। भारत को सऊदी अरब से तेल व एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति का भी भरोसा मिला है। भारत अपनी तेल जरूरतों का 83 फीसद आयात करता है और यह पूरी तरह से ढुलाई के लिए हॉर्मूज जलडमरूमध्य के रास्ते पर निर्भर है।

भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच जंग हुई तो वह किसके साथ खड़ा हो? एक तरफ ईरान है जिससे हमारे रिश्ते ऐतिहासिक होने के साथ-साथ कच्चे तेल के लिए निर्भरता भी है। हालांकि, अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण ईरान से तेल नहीं खरीदने से होने वाली कमी को सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से पूरी करने की योजना पर भारत काम कर रहा है। ईरान से आयात कम किया गया है। लेकिन यह महंगा पड़ने लगा है। दरअसल, ईरान हमें जिस प्रक्रिया के तहत तेल निर्यात करता है, उसमें 60 दिनों के भीतर भुगतान करने की सुविधा भी देता है। इसका मतलब यह है कि खरीदे गए माल को सुरक्षित भारतीय बंदरगाह तक पहुंचाने का पूरा खर्च ईरान वहन करता है और दो महीने का क्रेडिट भी देता है। दूसरी ओर अमेरिका है जिससे हमारा व्यापारिक और रणनीतिक हित जुड़ा हुआ है।

सरकारी खजाने पर बोझ

अब तक तेल की कीमतें नियंत्रण में हैं, अगर तनाव बढ़ा तो खजाने पर बढ़ेगा बोझ। सरकार का आयात बिल बढ़ेगा और मुद्रा भंडार भी घटेगा। सरकार की सामाजिक योजनाओं के खर्चे पर दबाव बढ़ेगा। हॉर्मूज जलडमरूमध्य क्षेत्र में तनाव बढ़ेगा। इससे भारत का आयात खर्च भी बढ़ेगा।

शोध-अनुसंधान

विटामिन-डी की कमी, पड़ सकता है दिल का दौरा

जनसत्ता संवाद

शरीर में विटामिन-डी का उत्पादन करने के लिए हर रोज धूप की खुराक हड्डियों की मजबूती के साथ-साथ हृदय को सेहतमंद रखने में भी मददगार हो सकती है।

विटामिन-डी की कमी आज के नए जमाने की बीमारी है, जिसके कारण आज ज्यादातर शहरी लोग चक्कर आने और कमर, पैर-हाथ, कंधे के दर्द से परेशान है। वैज्ञानिकों ने विटामिन-डी की कमी की पहचान हृदय के स्वास्थ्य को निर्धारित करने वाले कारक के रूप में की है। अब भारतीय शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि विटामिन-डी की कमी से होने वाले इंसुलिन प्रतिरोध की वजह से दिल का दौरा पड़ सकता है।

शरीर में विटामिन-डी का उत्पादन करने के लिए हर रोज धूप की खुराक हड्डियों की मजबूती के साथ-साथ हृदय को सेहतमंद रखने में भी मददगार हो सकती है। एक ताजा अध्ययन में पता चला है कि हृदय को स्वस्थ रखने में भी विटामिन-डी महत्त्वपूर्ण हो सकता है। शरीर में विटामिन-डी की कमी से हड्डियों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। फरीदाबाद स्थित ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान ने यह अध्ययन किया है और यह शोध 'मॉलिक्यूलर न्यूट्रीशन एंड फूड रिसर्च' नामक जर्नल में प्रकाशित किया गया है। शोध के मुताबिक, इंसुलिन रक्त में उपस्थित शर्करा को ऊर्जा में परिवर्तित करने के साथ शरीर में कई ऊतकों में कोशिकीय चयापचय के नियमन में भी भूमिका निभाता है। हृदय कोशिकाओं में इंसुलिन प्रतिरोध के कारण हृदय में ग्लूकोज और वसा अम्ल जैसे ऊर्जा उत्पादकों का उपयोग बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है।

विटामिन-डी की कमी का अध्ययन करने के लिए शोधकर्ताओं ने चूहों पर प्रयोग किया है। उन्होंने चूहों के तीन समूह बनाए और इन समूहों को अलग-अलग तीन प्रकार के आहार दिए। इनमें एक समूह को पर्याप्त विटामिन-डी, दूसरे को विटामिन-डी की कमी और तीसरे को उच्च वसा और उच्च फ्रुक्टोज वाला भोजन दिया गया। बीस सप्ताह बाद पाया गया कि जिन चूहों को विटामिन-डी की कमी वाला आहार दिया गया था, उनका दिल काम नहीं कर रहा था। इन चूहों के हृदय में कुछ उसी तरह के आणविक और कार्यात्मक बदलाव देखे गए जो अधिक वसा और उच्च फ्रूक्टोज युक्त आहार का सेवन करने वाले चूहों में पाए गए थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि केवल विटामिन-डी की कमी के कारण होने वाला हृदय संबंधी विकार और उच्च कैलोरी आहार जैसे अन्य जोखिम कारकों के कारण होने वाले विकार बिल्कुल समान थे। वहीं कुछ मापदंडों में इसका प्रभाव अधिक पाया गया। हृदय की दीवार की मोटाई, हृदय-कक्षों के आंतरिक व्यास और हृदय की संकुचन क्षमता द्वारा इन निष्कर्षों की पुष्टि हुई है।

फरीदाबाद स्थित ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (टीएचएसटीआई) के प्रमुख शोधकर्ता डॉ. संजय कुमार बनर्जी ने बताया कि हमने विटामिन-डी की कमी और हृदय संबंधी विकारों के बीच की कड़ी का पता लगाया है और जानने का प्रयास किया है कि यह कैसे हार्ट फेल होने का कारण बन सकती है। विटामिन-डी और इसकी संकेतक प्रक्रिया दिल के पेशीय ऊतकों से संबंधित इंसुलिन संवेदनशीलता को प्रभावित करती है। इंसुलिन की कमी होने से ग्लूकोज के ऊर्जा में परिवर्तित होने का क्रम टूट जाता है और हार्ट फेल होने की स्थिति बनने लगती है। उनका कहना है कि यह शोध शरीर में विटामिन-डी ग्राहियों की सक्रियता को ध्यान में रखते हुए हार्ट फेल होने को नियंत्रित करने के लिए नई दवाएं तैयार करने में सहायक हो सकता है।

शोध करने वाले डॉ. संजय के बनर्जी

विश्व परिक्रमा

नेपाल में चीनी भाषा मंडारिन जरूरी

रविवार, 16 जून : चीन की सरकार ने नेपाल में मंडारिन भाषा पढ़ाने वाले शिक्षकों के वेतन का भुगतान करने की पेशकश की। इसके बाद इस हिमालयी राष्ट्र नेपाल में कई निजी स्कूलों ने छात्रों के इस भाषा को सीखने को जरूरी कर दिया है।

भारत ने पाकिस्तान को 89 रन से हराया

सोमवार, 17 जून : विश्वकप में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर मात देने में कामयाबी पाई है। भारत ने पाकिस्तान को 89 रन से हराया। भारत ने पाकिस्तान को 337 रन का लक्ष्य दिया था। लेकिन बारिश की वजह से डकवर्थ लुईस नियम लगाया गया, जिसके बाद पाकिस्तान को 40 ओवर में 302 रन का लक्ष्य मिला।

अमेरिका में परिवार के चार लोग मृत

मंगलवार, 18 जून : अमेरिका के आयोवा राज्य में एक भारतीय अमेरिकी आइटी पेशेवर, उनकी पत्नी और उनके दो नाबालिग बच्चे अपने घर में मृत मिले। उनके शवों पर गोली के निशान पाए गए हैं। वेस्ट डेस मोइनेस पुलिस ने बताया कि आइटी पेशेवर का नाम चंद्रशेखर था और वह आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे।

मोहम्मद मुर्सी

मुर्सी को काहिरा में किया गया दफन

बुधवार, 19 जून : लोकतांत्रिक रूप से चुने गए मिस्र के पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी का शव काहिरा में मंगलवार को दफना दिया गया। मुर्सी अदालत में सुनवाई के दौरान गिर पड़े थे और उनका निधन हो गया था।

खशोगी की हत्या में सऊदी युवराज का हाथ

गुरुवार, 20 जून : संयुक्त राष्ट्र की एक स्वतंत्र विशेषज्ञ ने बुधवार को कहा कि पत्रकार जमाल खशोगी की हुई हत्या में सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान का संबंध होने के ठोस सबूत हैं। उन्होंने सलमान की निजी विदेशी संपत्तियों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया।

ईरान ने मार गिराया अमेरिकी ड्रोन

शुक्रवार, 21 जून : ईरान के सशस्त्र बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने कहा कि उसने होर्मुज जलडमरू क्षेत्र के पास अपने हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी जासूसी विमान को मार गिराया है। इसके बाद से अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के हालात हैं।

ईरान ने अरब दूत को तलब किया

शनिवार, 22 जून : ईरान ने तेहरान में नियुक्त संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शीर्ष राजनयिक को तलब किया। दरअसल, यूएई ने अमेरिका को अपनी सरजमीं से एक ड्रोन विमान का इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी। ईरान ने दावा किया था कि अमेरिकी ड्रोन ने उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है।

जानें-समझें

एक देश, एक चुनाव

पूर्ण सहमति से ही बनेगी बात

दीपक रस्तोगी

कुछ समय से केंद्र सरकार ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की कोशिश शुरू की है। हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह प्रस्ताव रखा। उन्होंने सर्वदलीय बैठक में इस पर चर्चा की। संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण में भी यह मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। इस मुद्दे पर चुनाव आयोग, नीति आयोग, विधि आयोग और संविधान समीक्षा आयोग आपस में बातचीत कर चुके हैं। कुछ राजनीतिक पार्टियां इसके पक्ष में हैं। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया है। तय है कि जब तक इस पर पूर्ण सहमति नहीं बनती, इसे धरातल पर उतारना मुश्किल होगा।

क्या है प्रस्ताव

एक राष्ट्र, एक चुनाव की योजना के तहत देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने का प्रस्ताव है। इसके तहत पूरे देश में पांच साल में एक बार ही चुनाव होगा। सरकार की दलील है कि इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि देश को भारी आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी। वर्ष 2003 में भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था कि सरकार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने पर विचार कर रही है। उस समय भी केंद्र में भाजपा ही सत्ता में थी। अब नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक में प्रस्ताव रखा है। साथ ही, सरकारी एजंसियों ने इस प्रस्ताव की दिशा में काम करना शुरू कर दिया।

एक साथ चुनाव का चक्र

आजादी के बाद शुरुआती वर्षों में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। हालांकि, इसके लिए कोई संवैधानिक बाध्यता नहीं थी। 1952 के पहले आम चुनाव के साथ ही राज्यों की विधानसभा के लिए भी चुनाव हुए थे। तकरीबन 15 साल तक विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा चुनावों के साथ चले, लेकिन बाद में यह चक्र गड़बड़ा गया। कुछ राज्यों में राजनीतिक अस्थिरता की वजह से कुछ सरकारें अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले गिर गईं। 1951-52, 1957, 1962 और 1967 में राज्य विधानसभा चुनावों का आयोजन लोकसभा चुनाव के साथ ही हुआ था।

पक्ष में दलीलें

बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू नहीं करनी पड़ेगी। नीतिगत फैसले लिए जा सकेंगे। विकास कार्य प्रभावित नहीं होंगे। नए परियोजनाओं की घोषणा कम समय के लिए ही रुकेगी। भारी चुनावी खर्च में कमी आएगी। सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। काला धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी, क्योंकि चुनाव के दौरान कालेधन का इस्तेमाल खुलेआम होता है। सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कई देशों में एक साथ चुनाव होते हैं। स्वीडन में पिछले साल सितंबर में आम चुनाव, काउंटी और नगर निगम के चुनाव एकसाथ कराए गए थे। इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी, स्पेन, हंगरी, स्लोवेनिया, अल्बानिया, पोलैंड, बेल्जियम भी एक बार चुनाव कराने की परंपरा है।

विरोध में तर्क

संविधान में लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर पांच साल की अवधि तय है। संविधान में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने को लेकर कोई निश्चित प्रावधान नहीं है। एक साथ चुनाव मूल भावना के खिलाफ है। एक देश एक चुनाव खुद में महंगी प्रक्रिया है। विधि आयोग की माने तो 4,500 करोड़ रुपए के नए ईवीएम 2019 में ही खरीदने पड़ते अगर एक साथ चुनाव होते। 2024 में एकसाथ चुनाव कराने के लिए 1751.17 करोड़ रुपए सिर्फ ईवीएम पर खर्च करने पड़ेंगे। केंद्र सरकार के पास राज्य सरकारों को धारा 356 के तहत भंग करने का अधिकार है। इस अधिकार के होते हुए एक साथ चुनाव नहीं कराए जा सकते। चुनाव एक साथ कराने पर कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल को बढ़ाया या घटाया जाएगा।

विधि आयोग के सुझाव

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने विधि आयोग को एक साथ चुनाव कराने के समर्थन में पत्र लिखा था। उन्होंने लगातार चुनावों पर खर्च के बोझ की दलील दी थी। उसके बाद अगस्त 2018 में विधि आयोग ने एक ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार की, लेकिन जम्मू कश्मीर को इससे बाहर रखा। विधि आयोग ने इसे अमली जामा पहनाने के लिए एक जटिल कानूनी ढांचे की जरूरत बताई है। विधि आयोग ने लोकसभा और विधानसभा के कार्यकाल वाले संविधान के अनुच्छेद 83(2) और अनुच्छेद 172(1) में संशोधन और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम लाने का सुझाव दिया था।

क्या है जानकारों की राय

एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता। *(फाइल फोटो)*

विधायिकाओं का कार्यकाल निर्धारित करने के लिए संविधान में संशोधन किए बिना इसे अमल में नहीं लाया जा सकता। जब तक सदन का कार्यकाल तय नहीं होगा, इसे लागू करना संभव नहीं है।

-टीएस कृष्णमूर्ति
पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

इस विचार को लागू करने के लिए संविधान संशोधन करना चाहिए। लेकिन क्या निकट भविष्य में इसे लागू किया जा सकता है? इस सवाल पर मेरा जवाब होगा- मुश्किल है।

- ओपी रावत
पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त

यह अवधारणा अव्यवहारिक है। इसके जरिए लोगों के जनादेश को तोड़ा-मरोड़ा जा सकता है। भाजपा एक राष्ट्र-एक संस्कृति-एक राष्ट्र-एक भाषा लागू करना चाहती है। यह प्रस्ताव अगली कड़ी है।

- डी राजा, नेता, भाकपा

व्यक्तित्व

मुर्तजा कुरैशी : सबसे कम उम्र का राजनीतिक बंदी

जनसत्ता संवाद

जिस उम्र में बच्चे खेल और केवल खेल में मस्त रहते हैं उस उम्र में लोकतंत्र बहाली की मांग करना और इंसानियत के हक के लिए लड़ाई- लड़ाई भी ऐसी जो 10 साल के बच्चे को मौत की सजा तक पहुंचा दे। यह कहानी है सऊदी अरब के मुर्तजा कुरैशी की। अंतरराष्ट्रीय दबाव में उसकी जान बच गई है, लेकिन 2022 तक उसे जेल में रहना होगा।

वर्ष 2011 में सऊदी अरब में तानाशाही के खिलाफ लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की थी। सरकार ने इसे कुचलने की कोशिश की। इस आंदोलन में 17 साल का अली कुरैशी पुलिस की गोलियों का शिकार हुआ। अली कुरैशी के दस साल के भाई मुर्तजा कुरैशी ने अपने भाई को खोने के बाद सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की ठानी। 2011 में 'अरब स्प्रिंग' कहे गए इस आंदोलन के दौरान उसने अपने 30 दोस्तों के साथ साइकिल से भटकते हुए अभियान चलाया। उसने कई धरना प्रदर्शन भी किए। दस साल के बच्चे का सरकार के गुप्तचर पीछा करने लगे। मुर्तजा ने राजतंत्र का खुलकर विरोध किया। इसके वीडियो भी बनाए गए। कुछ दिन बाद ही उसे बहरीन से गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर सऊदी अरब के दक्षिणी शहर अवामिया में एक पुलिस स्टेशन पर पेट्रोल बम फेंकने का आरोप लगा। सरकारी वकील ने उस पर उग्रवादी व आतंकी समूहों से संबंध होने का आरोप लगाया। मुर्तजा पर मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) बनाने और सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाने का आरोप लगा। मुर्तजा ने सभी आरोपों से इनकार किया।

सऊदी अरब के कानून के मुताबिक इन अपराधों के लिए मौत की सजा दी जाती है। उस समय दुनियाभर के वकीलों और समाजिक कार्यकर्ताओं ने मुर्तजा कुरैशी को दुनिया का सबसे छोटा राजनीतिक बंदी बताया।

सऊदी अरब के कानून में नाबालिग को फांसी नहीं दी जा सकती इसलिए मुर्तजा के बालिग होने का इंतजार किया जाता रहा और वह 2019 में जैसे ही 18 साल का हुआ कोर्ट में पेश किया गया और सरकारी वकील ने मुर्तजा के लिए फांसी की मांग की और उसे मौत की सजा सुना दी गई। मृत्युदंड की खबर का पता चलते ही देश में उबाल आ गया। लोग सड़क पर उतर आए। मुर्तजा के पक्ष में सऊदी अरब की माताएं और शिया समुदाय सड़कों पर उतर आया।

एमनेस्टी इंटरनेशनल सहित कई देशों ने सऊदी अरब सरकार से मृत्युदंड रद्द करने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी किरकिरी हुई। दुनिया के तमाम लोगों ने सऊदी अरब के कानून की निंदा की।

पहले तो सरकार ने मना कर दिया पर दुनिया भर से पड़े दबाव के कारण उसे झुकना पड़ा और मुर्तजा को 2022 तक कैद में रखने के बाद छोड़ने का फैसला सुनाना पड़ा।

सरकार ने कहा, जो कहते हैं वह करते हैं

विपक्ष का पलटवार – 'ऊंची दुकान-फीके पकवान'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जून।

राजग सरकार को 'ऊंची दुकान फीके पकवान' करार देते हुए विपक्ष ने लोकसभा में सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री 'बड़े सेल्समैन' हैं। वहीं इन आरोपों को खारिज करते हुए सत्ता पक्ष ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राजग सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास' के मंत्र के साथ काम किया और यह साबित किया कि यह सरकार जो कहती है, वह करती है और जो कर सकती है, वही कहती है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि राजग सरकार को अपनी प्रशंसा सुनने का 'नशा' है और वह अतीत की कांग्रेस सरकारों की उपलब्धियों को स्वीकार नहीं करना चाहती है। इससे पहले, केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री प्रताप चंद सारंगी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले पांच साल के कार्यकाल में किए गए कामकाज की सफलता को स्वीकार कर उनका अभिनंदन करना चाहिए और खुद को जनता द्वारा नकार दिए जाने पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नीत यूपीए के समय नीतिगत पंगुता थी और घोटाले पर घोटाले हो रहे थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री मूकदर्शक बने रहते थे।

उन्होंने कांग्रेस के प्रथम परिवार (नेहरू-गांधी परिवार) की भी आलोचना की जिस पर विपक्षी पार्टी के सदस्यों ने कड़ा एतराज जताया। सदन में मौजूद यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी भी सदस्यों को विरोध करने के लिए संकेत करते हुए देखी गईं। सारंगी ने कहा कि राजग सरकार के पहले कार्यकाल में उसकी छवि गरीब,

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव : चर्चा के दौरान आरोप-प्रत्यारोप

किसान, महिला विरोधी बनाने की कोशिश की गई और सांप्रदायिकता, नोटबंदी, जीएसटी और अन्य विषयों को लेकर सरकार की नकारात्मक छवि पेश करने का प्रयास किया गया लेकिन जनता ने विपक्ष के महागठबंधन के प्रयासों को धता बताते हुए एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, 'सत्यमेव जयते। सत्य ही सर्वोपरि है। झूठ के बादलों से सच को नहीं छिपाया जा सकता।' सारंगी ने कहा कि जनता ने भाजपा के लिए मतदान किया और साबित किया कि यह सरकार जो कहती है, वो करती है और जो कर सकती है, वही कहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सरकार बनने के बाद ही कहा था कि वह प्रधान सेवक हैं और यह सरकार गरीबों के लिए है। उन्होंने इस बात का पालन करके दिखाया है।

कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यूपीए सरकार के समय आर्थिक विकास की दर आठ फीसद से अधिक थी, जबकि इस सरकार में विकास दर छह फीसद से नीचे आ गई और बेरोजगारी भी 45 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने भाजपा के कुछ नेताओं के विवादित बयानों का हवाला दिया और कहा कि एक तरफ सरकार महात्मा गांधी का 150वां जन्मदिवस मनाने की बात कर रही है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा के कुछ लोग बापू के हत्यारे गोडसे की तारीफ करते हैं। यह कैसा दोहरा मापदंड है?

द्रमुक के टी आर बालू ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण केवल एक 'कंपनी का विवरण' लगता है। तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने कहा कि जब तक गृह मंत्री (अमित शाह) पश्चिम बंगाल की सरकार को परामर्श भेजते रहेंगे तब तक उनकी पार्टी प्रधानमंत्री द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में इतने महापुरुषों का उल्लेख किया गया लेकिन प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का नाम नहीं लिया गया। इसमें एक भी बार धर्मनिरपेक्षता शब्द का उपयोग नहीं किया गया।

वाईएसआर कांग्रेस के पी वी मिथुन रेड्डी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में अगले पांच साल के लिए विकास की कई योजनाएं पेश की गईं जो स्वागत योग्य है। शिवसेना के विनायक राउत ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि हमें पांच वर्ष में सभी को घर और हर घर में बिजली का सपना साकार करने में प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करने चाहिए। जद(एकी) के राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह ने कहा कि सूखे और बाढ़ जैसी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बिहार पिछले कई वर्षों से 10 फीसदी की अधिक दर से विकास कर रहा है और अगर केंद्र की ओर से ठोस मदद मिले तो यह और तेजी से प्रगति कर सकता है।

बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्र ने कहा कि ओड़ीशा के साथ पिछले 72 वर्षों से नाइंसाफी हुई है और वह आशा करते हैं कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नई सरकार ओडिशा को उसका अधिकार देगी।

सदन चलाने में सहयोग करे विपक्ष : नड्डा

नई दिल्ली, 24 जून (भाषा)।

राज्यसभा में विपक्ष ने सोमवार को दावा किया कि 'न्यू इंडिया में आदमी आदमी से डरा हुआ है', महात्मा गांधी के हत्यारे की प्रशंसा करने वाले सत्तारूढ़ दल में हैं और घृणा व पीट पीटकर हत्या करने की घटनाएं चरम पर हैं। हालांकि इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सत्तापक्ष की ओर से कहा गया कि विपक्ष को अपने रास्ते पर पुनर्विचार करना चाहिए और सदन चलाने में सहयोग देना चाहिए।

उच्च सदन में राष्ट्रपति अभिभभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सदन चलाने के लिए विपक्ष से सहयोग मांगा और विपक्षी दलों को इस बात पर विचार करने का परामर्श दिया कि क्या उनका रास्ता सही है। चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद ने नड्डा के इस सुझाव पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र, समाजवाद, संघवाद और बहुसंख्यकवाद में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि भारत की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता व मान सम्मान और अस्तित्व के लिए यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसी रास्ते पर चलती रहेगी और चुनाव में हार जीत से उसका रास्ता नहीं बदल सकता। आजाद ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम गोडसे के बारे में एक भाजपा सांसद द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान दिए गए विवादास्पद बयान को लेकर कहा कि उनके पास अक्तूबर तक मौका है कि वह गांधी की 150 वीं जयंती से पहले इस सांसद को पार्टी से हटा दें। पार्टी ने सत्तारूढ़ गठबंधन पर 'टेलीविजन पर सरकार चलाने' का भी आरोप लगाया।

उन्होंने भाजपा नीत राजग को लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस सत्तारूढ़ दल की राह पर नहीं चल सकती। उन्होंने कहा कि भले ही इस राह पर चल कर 'उन्हें जीत मिली हो, पर देश हार गया है।' आजाद ने कहा कि भाजपा नीत सरकार 'न्यू इंडिया' की बात करती है लेकिन शायद ही अमेरिका, चीन, ब्रिटेन जैसे किसी देश में इस तरह का विचार सामने आया हो। अधिकतर देशों ने देश की प्रगति के लिए आधुनिक (मॉडर्न) शब्द का इस्तेमाल किया।

उन्होंने कहा कि हमें अपना पुराना भारत ही चाहिए जहां कोई सांप्रदायिक नफरत नहीं थी। इस नए भारत में इंसान, इंसान का दुश्मन है और आदमी को आदमी से ही डर लगता है।

निकाह की शर्तों में ड्राइविंग का हक भी

पेज 1 का बाकी

तो सऊदी अरब में निकाह की शर्तों का इस्तेमाल महिलाएं और पुरुष दोनों करते हैं। पर खास तौर से महिलाएं इसका इस्तेमाल अपने कुछ खास अधिकारों को सुरक्षित कराने के लिए करती हैं। पितृसत्तात्मक सऊदी अरब में महिलाओं को सामान्य तौर पर अपने पुरुष अभिभावक (पति, पिता या अन्य) की सभी बातें मानने के लिए मजबूर होना पड़ता है और वह कानून की शरण में भी नहीं जा सकती हैं। पर पुरुष यदि निकाहनामे में लिखी किसी शर्त का उल्लंघन करता है तो महिलाएं इस आधार पर उससे तलाक ले सकती हैं।

अभी तक महिलाएं निकाहनामे का इस्तेमाल अपने लिए मकान, घरेलू सहायिका रखने, आगे पढ़ाई जारी रखने या शादी के बाद भी नौकरी करते रहने जैसी शर्तें रखने के लिए करती थीं। लेकिन अब ड्राइविंग का अधिकार भी इसमें जुड़ रहा है। माजद (29) बताते हैं कि अगले महीने उनकी शादी होने वाली है। उनकी 21 वर्षीय मंगेतर ने दो शर्तें रखी हैं... एक वह शादी के बाद भी काम करेंगी और दूसरा कि उन्हें वाहन चलाने का अधिकार होगा। माजद कहते हैं कि वह (मंगेतर) स्वतंत्र रहना चाहती है। मैंने इस पर कहा, 'हां, क्यों नहीं।' माजद अपना पूरा नाम साझा नहीं करना चाहते हैं, क्योंकि निकाहनामा और उसकी शर्तें निहायत निजी और पारिवारिक मामला है। रियाद में निकाह पढ़ाने वाले एक मौलवी अब्दुलमोसेन अल-अजेमी का कहना है, 'निकाह में किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए कुछ महिलाएं ड्राइविंग के अधिकार को निकाहमाने में शामिल करा रही हैं।' अल-अजेमी के पास हाल ही में ऐसा पहला निकाहनामा आया है। उनका कहना है कि निकाहनामा एक तरह से सुनिश्चित करता है कि शौहर अपने वादे को नहीं भूलेगा, क्योंकि यह वादा खिलाफ तलाक का आधार बन सकती है। सऊदी सरकार ने महिलाओं को गाड़ी चलाने का अधिकार तो दे दिया है, लेकिन घर के पुरुष अभिभावकों द्वारा ड्राइविंग से मना किए जाने या कार रखने की इजाजत नहीं मिलने की सूरत में क्या किया जा सकता है, उस संबंध में कुछ नहीं कहा है।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर भरना होगा कड़ा जुर्माना

पेज 1 का बाकी

विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन पर ऊंचे जुर्माने का प्रावधान किया गया है।' विधेयक में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में काफी सख्त प्रावधान रखे गये हैं। किशोर नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना, बिना लाइसेंस, खतरनाक ढंग से वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, निर्धारित सीमा से तेज गाड़ी चलाना और निर्धारित मानक से अधिक लोगों को बिठाकर अथवा अधिक माल लादकर गाड़ी चलाने जैसे नियमों के उल्लंघन पर कड़े जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

संशोधन विधेयक में आपातकालीन वाहनों को रास्ता नहीं देने पर दस हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार अयोग्य करार दिए जाने के बावजूद वाहन चलाते रहने पर भी दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ओला, उबर जैसे समूहकों द्वारा ड्राइविंग लाइसेंसों के नियमों का उल्लंघन करने पर विधेयक के प्रावधानों के अनुरूप एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। विधेयक में किए गए प्रावधान 18 राज्यों के परिवहन मंत्रियों की सिफारिशों पर आधारित हैं।

इन सिफारिशों की संसद की स्थायी समिति ने भी जांच परख की है। विधेयक के मसौदे में तेज गाड़ी भगाने पर एक हजार से दो हजार रुपए तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। बिना बीमा पॉलिसी के वाहन चलाने पर दो हजार रुपए तक का जुर्माना रखा गया है। बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर एक हजार रुपए का जुर्माना और तीन माह के लिए लाइसेंस निलंबित किया जाना शामिल है। किशोर द्वारा गाड़ी चलाते हुए सड़क पर कोई अपराध करने की स्थिति में गाड़ी के मालिक अथवा अभिभावक को दोषी माना जाएगा और वाहन का पंजीकरण भी निरस्त किया जाएगा।

इस तरह के अपराध में वाहन मालिक अथवा अभिभावक को दोषी माना जाएगा और तीन साल के सजा के साथ ही 25 हजार रुपए तक का जुर्माना किया जाएगा। साथ ही वाहन का पंजीकरण भी निरस्त कर दिया जाएगा।

करगिल दिवस कार्यक्रम में बोले एअर चीफ मार्शल बीएस धनोआ

बालाकोट हमले के बाद पाकिस्तान हमारे क्षेत्र में नहीं घुस पाया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जून।

वायुसेना प्रमुख बीएस धनोआ ने कहा है कि बालाकोट हवाई हमले के बाद पाकिस्तानी सेना का कोई विमान भारत के हवाई क्षेत्र में नहीं घुस पाया था। उन्होंने कहा कि हमने 26 फरवरी को आतंकी शिविर ध्वस्त कर अपना लक्ष्य हासिल किया। इसके बाद पाकिस्तान के विमान भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले के लिए आए थे, लेकिन वे सीमा पार नहीं कर सके।

एअर चीफ मार्शल धनोआ सोमवार को करगिल युद्ध के 20 साल पूरे होने के मौके पर ग्वालियर वायुसेना अड्डे पर एक कार्यक्रम में शामिल हुए। वायुसेनाध्यक्ष का कहना है कि पुलवामा हमले के बाद बालाकोट में हमला कर भारत ने अपना सैन्य लक्ष्य हासिल किया, लेकिन पाकिस्तान अपने नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव के बावजूद हमारी नागरिक उड़ान सेवाएं बाधित नहीं हुईं।

मिराज में सिर्फ 12 दिनों में हुआ था बदलाव

वायुसेना प्रमुख बीएस धनोआ ने सोमवार को कहा कि करगिल युद्ध के दौरान मिराज 2000 विमानों में जरूरी बदलाव करने थे, जिन्हें महज 12 दिनों के रिकॉर्ड समय में कर लिया गया। वायुसेना प्रमुख ने कहा, 'लाइटनिंग टारगेटिंग पॉड और लेजर गाइडेड बम प्रणाली को रिकॉर्ड 12 दिन के भीतर फिट करने का काम पूरा कर लिया गया।' ग्वालियर वायुसैनिक अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में एअर चीफ मार्शल धनोआ ने ये बातें कहीं। वायुसेना प्रमुख ने कहा, 'मिराज 2000 में बदलाव की प्रक्रिया जारी थी, जिसे शीघ्र ही कर लिया गया और फिर इस प्रणाली को करगिल युद्ध में लाया गया।' उन्होंने कहा कि मिराज 2000 जेट विमानों और थल सेना को वायुसेना के सहयोग ने 1999 के युद्ध का रुख ही पलट दिया।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमारे हवाई क्षेत्र में कभी नहीं घुस पाया। हमारा मकसद आतंकी शिविरों को निशाना बनाना था और उनका (पाकिस्तान) लक्ष्य हमारे सैन्य शिविर थे। हम अपना लक्ष्य हासिल करने में कामयाब रहे। लेकिन पाकिस्तान कभी भी नियंत्रण रेखा पार नहीं कर पाया।

एअर चीफ मार्शल धनोआ ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था जीवंत है और हवाई यातायात बहुत महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। भारतीय वायुसेना ने अपनी नागरिक उड़ानों को कभी नहीं रोका। केवल 27 फरवरी को हमने श्रीनगर हवाई क्षेत्र को 2-3 घंटे के लिए बंद कर दिया था। उस वक्त दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति थी, लेकिन हमारी हवाई सेवाओं पर कोई असर नहीं हुआ। धनोआ ने एएन-32 विमान हादसे पर कहा कि हमारे पास इस वायुयान का विकल्प मौजूद नहीं है। ऐसे में एएन-32 विमान पहाड़ी क्षेत्रों में उड़ान भरता रहेगा। उन्होंने कहा कि हम आधुनिक विमान लेने की प्रक्रिया में हैं। जब आ जाएंगे तो अहम कामों में उनका इस्तेमाल करेंगे और एएन-32 को ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल करेंगे। अभी हमारे पास विकल्प नहीं है।

प्रधानमंत्री के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी पर अधीर ने मांगी माफी

नई दिल्ली, 24 जून (भाषा)।

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी का इस्तेमाल किया, हालांकि बाद उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि हिंदी अच्छी नहीं होने के कारण वह ऐसा बोल बैठे। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रताप सारंगी की ओर से स्वामी विवेकानंद की उपमा देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा किए जाने पर चौधरी ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, 'स्वामी विवेकानंद से प्रधानमंत्री की तुलना करें, वो गलत है, मैं भी प्रधानमंत्री का सम्मान करता हूं। परंतु आप तुलना नहीं कर सकते।'

इसी दौरान सत्तापक्ष के एक सदस्य ने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा कि 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा।' इस पर चौधरी ने एक आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा, 'कहां मां गंगा और कहां ...।' भाजपा के सदस्यों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और फिर विपक्षी सदस्यों के साथ उनकी नोकझोंक की स्थिति उत्पन्न हो गई।

भाजपा के सदस्यों ने कहा कि चौधरी को माफी मांगनी चाहिए। इस पर पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि जो शब्द असंसदीय होगा वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

बाद में संसद भवन परिसर में चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, 'ऐसा गलतफहमी के कारण हुआ। मेरी हिंदी अच्छी नहीं है।

जगन रेड्डी ने 'प्रजा वेदिका' को गिराने का दिया आदेश

अमरावती (आंध्रप्रदेश), 24 जून (भाषा)।

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने अपने पूर्ववर्ती चंद्रबाबू नायडू के कार्यकाल में नदी के पास बनी एक सरकारी इमारत को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियमों का 'उल्लंघन' कर इस इमारत का निर्माण किया गया और इसमें 'भ्रष्टाचार' हुआ। प्राधिकरण ने नायडू के निवास के निकट कृष्णा नदी के पास प्रजा वेदिका का निर्माण किया था।

लोकसभा में जम्मू कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक पेश

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 24 जून।

लोकसभा में सोमवार को जम्मू कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक 2019 पेश किया गया। इसके कानून बनने पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे क्षेत्रों में निवास कर रहे व्यक्तियों के समान आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में यह विधेयक पेश किया। गृह मंत्री अमित शाह उस समय सदन में मौजूद थे। विपक्ष के कुछ सदस्य इस विधेयक को पेश करने का विरोध कर रहे थे लेकिन लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला ने उनकी मांग को अस्वीकार कर दिया। इस विधेयक के माध्यम से जम्मू कश्मीर आरक्षण अधिनियम 2004 में और संशोधन करने का प्रस्ताव किया गया है।

विधेयक के उद्देश्यों व कारणों में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर आरक्षण अधिनियम 2004 और उसके अधीन बनाए गए नियम के तहत आरक्षण का फायदा अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे हुए क्षेत्रों में निवास कर रहे व्यक्तियों को उपलब्ध नहीं था। इसमें कहा गया है कि सीमापार से लगातार तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे हुए क्षेत्रों में निवास कर रहे व्यक्ति सामाजिक आर्थिक और शैक्षिक पिछड़ेपन से पीड़ित होते हैं। यह स्थिति इन निवासियों को अन्य सुरक्षित

● इसके कानून बनने पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे क्षेत्रों में निवास कर रहे व्यक्तियों के समान आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।

स्थान पर प्रस्थान करने के लिए प्रायः विवश करती है जिसके कारण उनकी आर्थिक स्थिति और शैक्षिक स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे हुए क्षेत्रों में निवास कर रहे व्यक्तियों को अधिनियम की परिधि में लाने की और उन्हें वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे क्षेत्रों में निवास कर रहे व्यक्तियों के समान बनाने की सतत मांग थी। ऐसे में अधिनियम में संशोधन आवश्यक हो गया था।

जम्मू कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक 2019 जम्मू कश्मीर आरक्षण संशोधन अध्यादेश 2019 को प्रतिस्थापित करने के लिए है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे हुए क्षेत्रों में निवास कर रहे व्यक्तियों को उनके समग्र सामाजिक आर्थिक और शैक्षिक विकास के दीर्घकाल से लंबित मांग को पूरा करेगा। इसके माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे हुए क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों को वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे हुए क्षेत्रों में निवास कर रहे व्यक्तियों को उपलब्ध आरक्षण का लाभ उठाने में समर्थ बनाया जा सकेगा।

दो कानूनों में संशोधन को मंजूरी

पेज 1 का बाकी

रहने वाले भारतीयों को प्रॉक्सी वोटिंग की सुविधा प्रदान करने से जुड़ा विधेयक पेश करने के प्रस्ताव को सोमवार को नहीं लाया जा सका। इसी तरह का एक विधेयक पिछले महीने 16वीं लोकसभा के भंग होने के बाद निरस्त हो गया था।

मोदी, शी, पुतिन करेंगे बातचीत

पेज 1 का बाकी

दिनों किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के समय भी मिले थे। चीन के सहायक विदेश मंत्री झांग जुन ने मोदी-शी-पुतिन बैठक को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, 'वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में इन तीनों नेताओं की बैठक भी महत्वपूर्ण है। आप तो जानते ही हैं कि चीन के रूस और भारत के साथ संबंधों में ठोस वृद्धि दिख रही है।'

झांग ने मीडिया के प्रतिनिधियों से यहां कहा, 'ओसाका में होने जा रहे शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति शी ब्रिक्स नेताओं के साथ अनौपचारिक बैठकें करेंगे। चर्चा के विषय जी20 शिखर बैठक की कार्यसूची के साथ मेल खाने वाले ही होंगे।' इसके अलावा इन नेताओं के साथ आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर ब्रिक्स देशों के बीच जनता के स्तर पर संपर्क बढ़ाने जैसे विषयों पर बातचीत होगी ताकि सहयोग का और विस्तार हो सके। इस बीच चीन ने कहा है कि वह अपनी संप्रभुता की कीमत पर अमेरिका के साथ कोई व्यापारिक समझौता नहीं करेगा।

गुण-दोष के आधार पर याचिका पर विचार करेंगे

पेज 1 का बाकी

18 जून को लिखे पत्र में यह पूछा है कि गुरमीत को पैरोल पर रिहा करना ठीक होगा अथवा नहीं। पत्र में जेल अधिकारी ने यह भी कहा है कि गुरमीत का चरित्र जेल में अच्छा है और उसने किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है। सिरसा जिला प्रशासन को इस संबंध में रोहतक संभाग के आयुक्त को एक रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया था।

सिरसा के पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह ने सोमवार को बताया कि उन्होंने अब तक सिरसा उपायुक्त को रिपोर्ट नहीं सौंपी है क्योंकि ऐसा किए जाने से पहले विभिन्न औपचारिकताओं को पूरा करना है। उन्होंने बताया, 'पैरोल याचिका के गुण और दोष के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। हम नियमित रूप से पैरोल पर हर मामले में गुण दोष के आधार पर रिपोर्ट तैयार करते हैं।' राज्य के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि कानून के मुताबिक प्रक्रिया शर्तें पूरी होने पर गुरमीत या अन्य कोई कैदी पैरोल पाने का हकदार है। उन्होंने कहा, 'उसके (गुरमीत का) या किसी अन्य के मामले पर गुण दोष के आधार पर विचार किया जाएगा। अगर वह शर्तों को पूरा करता है तो उसे पैरोल की अनुमति दी जाएगी।' हरियाणा के जेल मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि जेल अधीक्षक ने अपने पत्र में लिखा है कि जेल में गुरमीत का आचरण अच्छा है। हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) एस एस प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा कि हर कैदी पैरोल का हकदार है, यह निर्भर करता है कि जिस वजह से वह पैरोल मांग रहा है, वह कितना महत्वपूर्ण है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, बिहार और यूपी सरकार से मांगा जवाब

पेज 1 का बाकी

एक से दस साल की आयु के हैं, की मृत्यु होने से याचिकाकर्ता व्यथित है क्योंकि मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। याचिका में कहा गया है कि बच्चों की मौत इस महामारी की स्थिति से निबटने के प्रति बिहार और उप्र सरकार के साथ ही केंद्र सरकार की प्रत्यक्ष लापरवाही का परिणाम है। याचिका में कहा गया है कि यह बीमारी हर साल होती है और इसे जापानी बुखार भी कहा जाता है।

याचिका में दावा किया गया है कि इस बीमारी की वजह से हजारों बच्चे अपनी जान गंवा रहे हैं लेकिन सरकारें इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही हैं। याचिका के अनुसार, 'इस साल इस बीमारी का केंद्र बिहार में मुजफ्फरपुर जिला है जहां पिछले एक सप्ताह में 126 से अधिक बच्चों की मृत्यु हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आसपास के अस्पतालों में चिकित्सकों, चिकित्सा सुविधाओं, सघन चिकित्सा केंद्रों और दूसरे मेडिकल उपकरणों की बहुत अधिक कमी है और इन सुविधाओं की कमी की वजह से बच्चों की लगातार मौत हो रही है।' याचिका में इस बीमारी का पिछले साल केंद्र रहे उप्र के गोरखपुर जिले में इसकी रोकथाम और प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सभी संभव कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

मनोहर प्रताप ने सरकारी तंत्र की लापरवाही के कारण इस बीमारी से अपनी संतान खोने वाले प्रत्येक परिवार को दस-दस लाख रुपए मुआवजा दिलाने का अनुरोध भी न्यायालय से किया है। इसके अलावा, याचिका में तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों का एक बोर्ड गठित करने और उसे मुजफ्फरपुर भेजने का केंद्र को निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि केंद्र और बिहार सरकार को इस बीमारी से ग्रस्त जिले में बच्चों के इलाज के लिए आवश्यक संख्या में चिकित्सकों के साथ तत्काल 500 सघन चिकित्सा इकाइयों की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि इस रोग से प्रभावित बच्चों का प्रभावी तरीके से उपचार हो सके।

ट्रंप ने ईरान पर कड़े प्रतिबंध वाले आदेश पर हस्ताक्षर किए

पेज 1 का बाकी

क्षेत्र में अमेरिका के एक ड्रोन को मार गिराया गया है जिसके कुछ दिन बाद ट्रंप ने नए प्रतिबंध लगाने का कदम उठाया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को जवाबी सैन्य हमले के आदेश को वापस ले लिया था।

ट्रंप ने अपने ओवल दफ्तर में पत्रकारों के साथ संक्षिप्त बातचीत में कहा, 'हम ईरान या किसी भी देश के साथ संघर्ष नहीं चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं आपसे यह कह सकता हूं कि हम ईरान को परमाणु हथियार कभी भी हासिल नहीं करने देंगे।' ट्रंप ने कहा कि उन्होंने जिस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, वो ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगाएगा और ईरान के सर्वोच्च नेता व अन्य अधिकारियों को बैंकिग सुविधा के लाभ लेने से रोकेगा। उन्होंने वित्त मंत्री स्टीवन म्नूचिन की मौजूदगी में आदेश पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप ने कहा, 'मेरे ख्याल से हमने बहुत संयम दिखाया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम भविष्य में भी संयम दिखाएंगे।' उन्होंने कहा, 'हम तेहरान पर दबाव बढ़ाना जारी रखेंगे।' यह पूछे जाने पर कि अमेरिकी ड्रोन पर ईरानी हमले के जवाब में ये प्रतिबंध लगाए गए हैं तो राष्ट्रपति ने कहा कि आप संभवतः इसे उसमें शामिल कर सकते हैं।

नई दिल्ली

इंजीनियर से उठक-बैठक करवाने वाला बीजद विधायक गिरफ्तार

भुवनेश्वर, 24 जून (भाषा)।

ओड़ीशा पुलिस ने बीजू जनता दल (बीजद) के नवनिर्वाचित विधायक सरोज कुमार मेहर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने आदिवासी समुदाय के एक कनिष्ठ अभियंता को सरेआम उठक-बैठक करने के लिए कथित तौर पर मजबूर किया।

घटना इस महीने की शुरुआत में सामने आई, जब इसका एक कथित वीडियो वायरल हो गया था जिसमें विधायक पीडब्लूडी अभियंता से सरेआम उठक-बैठक करने के लिए कहते हुए नजर आ रहे हैं। घटना पांच जून को पटनागढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुई थी। घटना को लेकर पूरे राज्य में आक्रोश फैलने के बाद बोलांगीर के कलक्टर अरिंदम दकुआ ने आरोपों की पुष्टि के लिए उप-कलक्टर द्वारा जांच के आदेश दिए। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि घटिया सड़क निर्माण कार्य के कारण पटनागढ़ विधायक ने जयकांत साबर को सरेआम सजा दी और प्रभारी इंजीनियर को उन्हें थप्पड़ मारने को कहा। इससे पहले सोमवार को पुलिस ने विधायक को नुआपाड़ा के एक होटल से गिरफ्तार किया।

Form G

INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST

(Under regulation 36A(1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution for Corporate Persons) Regulation 2016

RELEVANT PARTICULARS

1	Name of the corporate debtor	Gagan Distillers and Beverages Pvt Limited
2	Date of incorporation of corporate debtor	06.08.1998
3	Authority under which corporate debtor is incorporated/registered	Ministry of Corporate Affairs
4	Corporate Identity number/limited liability identification number of corporate debtor	U15511DL1998PTC095431
5	Address of the registered office and principal office (if any) of the corporate debtor	227, Dharakunj CHGS Appartment, Sector 9, Rohini, New Delhi-110085, India
6	Insolvency commencement date of corporate debtor	10.04.2019
7	Date of invitation of expression of interest	24.06.2019
8	Eligibility for resolution applicants under Section 25(2)(h) of the code is available at	By mail on email ID : pkw.watts@gmail.com
9	Norms of ineligibility applicable under Section 29A are available at	By mail on email ID : pkw.watts@gmail.com
10	Last date for receipt of expression of interest	09.07.2019
11	Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants	18.07.2019
12	Last date for submission of objections to provisional list	24.07.2019
13	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	02.08.2019
14	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants	24.07.2019
15	Manner of obtaining request for obtaining resolution plan, evaluation matrix, information memorandum and other information.	Prospective resolution applicants are requested to send an email to pkw.watts@gmail.com Information Memorandum, RFRP and Evaluation Matrix will be provided via email/data room after execution of confidentiality undertaking.
16	Last date for submission of resolution plans	22.08.2019
17	Manner of submitting resolution plans to resolution professional	Physical copy of Resolution plan should be sent in a plain Sealed cover by speed post/registered post/courier at the address or by Email pkw.watts@gmail.com, given against item no. 21.
18	Estimated date for submission of resolution plan to the adjudicating authority for approval	After approval of resolution plan by COC
19	Name and registeration number of resolution professional	Pardeep Kumar Watts IBBI/IPA-002/IP-N00769/2018-19/12377
20	Name, address and email of the resolution professional as registered with the Board	Address : 378-C, Rajguru Nagar, Ludhiana-141012 (Punjab), Email: pkw.watts@gmail.com, Mobile No. 9815552378
21	Address and email to be used for corespondance with the resolution professional	Pardeep Kumar Watts (Resolution Professional of M/s Gagan Distillers & Beverages Pvt. Ltd.) House No. 378-C, Rajguru Nagar, Ludhiana-141012, Mobile No. 9815552378 Email : pkw.watts@gmail.com
22	Further details are available at or with	With Resolution Professional
23	Date of publication of Form G	24.06.2019

Resolution Professional
For M/s. Gagan Distillers and Bewerages Pvt Limited
Sd/-
Pardeep Kumar Watts
IBBI/IPA-002/IP-N00769/2018-19/12377
378-C, Rajguru Nagar, Ludhiana-141012.
E-mail: pkw.watts@gmail.com

Date : 24.06.2019
Place : Ludhiana (Punjab)

भारत होटल्स लिमिटेड

(CIN: U74899DL1981PLC011274)
पंजी. कार्यालयः बाराखम्बा लेन, नई दिल्ली-110001
टेली.: 91-11-44447777, फैक्सः 91-11-44441234,
ई-मेलः **corporate@thelalit.com,**
वेबसाईटः **www.thelalit.com**

शेयर प्रमाणपत्र गुम होने की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कावी फिनटेक प्राईवेट लि., भारत होटल्स लि. के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेन्ट, ने सूचित किया है कि उनके अभिलेखों/दस्तावेज के गमनागमन के कारण नाम में सुधार/अंतरण के लिये प्राप्त की गई कम्पनी की निम्न शेयरों के उनके अभिलेख/दस्तावेज नहीं मिल रहे हैं तथा इस प्रकार स्थानच्युत हो गये हैं:

फोलियो नं.	अग्रसारण के बाद शेयरधारक का नाम	प्रमाणपत्र सं.	विशिष्ट सं.	शेयरों की सं.
BHL0027057	श्रीमती प्रभाबेन गजेरा (श्री जमनादास गजेरा के साथ संयुक्त रूप से)	66534	57067026-57067125	100
		66503	57060932-57060961	30
			कुल	130

कम्पनी एतद्द्वारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों की अवधि के भीतर मूल शेयर प्रमाणपत्रों की जगह डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिये दावे/आपत्तियाँ आमंत्रित करता है। यदि उक्त अवधि के भीतर कम्पनी को कोई दावे/आपत्तियाँ प्राप्त नहीं होती हैं तो कम्पनी आगे कोई सूचना दिये बिना उपरोक्त शेयर प्रमाणपत्रों की जगह डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी।

आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि भविष्य में उपरोक्त शेयर प्रमाणपत्रों का किसी भी रूप में व्यवसाय न करें।

भारत होटल्स लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
(हिमांशु पाण्डेय)
कम्पनी सचिव एवं हेड-लीगल
तथा अनुपालन अधिकारी
एम.नं. एसीएस-13531

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 22.6.2019

डिस्क्लैमर*

''भारत होटल्स लिमिटेड (''कम्पनी'') वांछित स्वीकृतियों की प्राप्ति, बाजार की परिस्थितियों तथा अन्य अवधारणाओं के अधीन अपनी इक्विटी शेयरों का आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव करने का प्रस्ताव कर रहा है तथा इसके लिये भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (''सेबी'') के पास एक ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्ट्स (''डीआरएचपी'') दाखिल किया है। यह डीआरएचपी सेबी, बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचैंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट क्रमशः www.sebi.gov.in, www.bseindia.com तथा www.nseindia.com पर तथा बुक रनिंग लीड मैनेजर्स के संबंधित वेबसाईटों https://www.hdfcbank.com/htdocs/common/bharat-hotels-limited.htm, http://www.edelweissfin.com/web/edelweiss/equity-capitalmarkets तथा http://yesinvest.in/YES/aboutus.jsp? p=aboutus पर उपलब्ध है।

निवेशक यह ध्यान रखें कि इक्विटी शेयरों में निवेश एक अत्यधिक जोखिम भरा उद्यम होता है। विवरणों के लिए संभावित निवेशक रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस/प्रॉस्पेक्ट्स देखें जिसे सेक्शन शीर्षांकित ''रिस्क फैक्टर्स'' सहित भविष्य में नई दिल्ली में स्थित कम्पनी रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली तथा हरियाणा के पास दाखिल किया जा सकता है। संभावित निवेशक किसी भी तरह के निवेश का निर्णय लेने में सेबी के पास दाखिल डीआरएचपी पर भरोसा न करें।

